वर्ष-10 अंक-232 पृष्ठ- 8 मूल्यः 3 रूपये

प्रयागराज, मंगलवार 26 नवम्बर, 2024

TM

नगर संस्करण

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रसारित

आधुनिक समाचार नेटर्वक

Download From Google Play

Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### जीत के जश्न में डूबे भाजपाई, सीएम धामी का रोड शो...बोले- जनता ने विकास पर लगाई मुहर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केदारनाथ उपचुनाव में मिली जीत से उत्साहित सीएम धामी ने कहा कि केदारनाथ मंदिर, चारधाम यात्रा को लेकर नकारात्मक प्रचार कांग्रेस को भारी पड़ा। जनता ने भाजपा को जीत दिलाकर भाजपा पर भरोसा जताया है। केदारनाथ उपचुनाव में प्रचंड जीत के बाद देहरादून में आयोजित विजयी रैली में



सीएम धामी शामिल हुए। भाजपा आशा नौटियाल केदारनाथ के इतिहास में सबसे अधिक वोट पाने वाली प्रत्याशी बन गई है। आशा नौटियाल की जीत पर सीएम धामी ने कहा कि जनता से अपना प्रत्याशी चुन लिया है। सीएम ने कहा कि अब चुनावों में मतदाता नकारात्मक प्रचार के बजाय काम करने वाली सरकारों को दोबारा जनादेश देने से हिचकते नहीं है। शनिवार को घोषित केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव परिणाम में भी यही देखने को मिला, केदारनाथ की जनता ने पवित्र धाम और यात्रा को लेकर किए गए कांग्रेस के नकारात्मक प्रचार को नकारते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्यों पर मुहर लगाई है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने पूरी तरह नकारात्मक मुद्दों पर फोकस किया। क्षेत्रवाद से लेकर जातिवाद का दांव खुलकर चला गया, लेकिन मतदाताओं ने तमाम तरह के नकारात्मक प्रचार को सिरे से खारिज करते हुए, केदारनाथ धाम से लेकर पूरे यात्रा मार्ग के लिए केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के विकास कार्यों पर मुहर लगाने का काम किया है। सीएम धामी ने कहा कि केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस का प्रचार मुख्य रूप से चारधाम यात्रा को कैंचीधाम की ओर मोड़ने, दिल्ली में एक ट्रस्ट की ओर से बनाए जा रहे मंदिर को केदारनाथ धाम से जोड़ने, केदारनाथ मंदिर को दान में मिले सोना पर सवाल उठाने के साथ ही पहाड़ की दो प्रमुख जातियों को आमने सामने रखने पर केंद्रित था।

## आप-कांग्रेस की काट बागी नेताओं में तलाश रही है भाजपा, कैलाश गहलोत और लवली को तरजीह


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इन्हें टिकट में मजबूत दावेदारी के साथ ही संगठन में भी तरजीह मिल रही है। वे भी बदली हुई पार्टी के सियासी दांवपेच में



मुख्य भागीदार बन गए हैं। हालांकि, इसका विरोध भी कम नहीं है। कार्यकर्ताओं में इससे निराशा है और वे भी पार्टी बदलने के चक्कर में हैं।विधानसभा चुनाव में बागी नेताओं की इस बार बल्ले-बल्ले है। इन्हें टिकट में मजबूत दावेदारी के साथ ही संगठन में भी तरजीह मिल रही है। वे भी बदली हुई पार्टी के सियासी दांवपेच में मुख्य भागीदार बन गए हैं। हालांकि, इसका विरोध भी कम नहीं है। कार्यकर्ताओं में इससे निराशा है और वे भी पार्टी बदलने के चक्कर में हैं।विधानसभा चुनाव को लेकर इस बार सबसे अधिक दल-बदल देखने को मिल रहा है। मंत्री पद तक छोड़कर नेता पार्टी बदल रहे हैं। इनमें आप नेता कैलाश गहलोत व राजकुमार आनंद शामिल हैं। इतना ही नहीं, कांग्रेस के पूर्व मंत्री व अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली और राजकुमार चौहान ने भी पार्टी बदलकर भाजपा का दामन थाम लिया था। लवली दूसरी बार भाजपा में शामिल हुए। पहली बार जब उन्हें पार्टी में कुछ खास पद नहीं मिला तो वह लौट गए थे। इसे ही देखते हुए भाजपा रणनीति बदलकर चुनाव की जिम्मेदारी सौंपने लगी है, ताकि उनका भरोसा न डिगे। पांच दिन पहले ही मंत्री पद के साथ आप छोड़कर भाजपा में शामिल हुए कैलाश गहलोत को भाजपा ने चुनाव संचालन समिति का सदस्य बना दिया है। लवली को घोषणा पत्र समिति में शामिल किया गया है। ये नेता टिकट के भी दावेदार हैं। इस तरह से भाजपा की ओर से आप-कांग्रेस की काट उन्हीं के बागी नेताओं में तलाश की जा रही है।भाजपा और कांग्रेस छोड़कर आप में शामिल होने वालों की फेहरिस्त भी कम नहीं है। पांच बार और तीन बार विधायक रह चुके नेता भी पार्टी बदलने में पीछे नहीं है। पार्टी ने पहली ही सूची में उन सभी बागी नेताओं को चुनावी मैदान में भी उतार दिया। इस राजनीति का खामियाजा भी पार्टी को उठाना पड़ रहा है। जीते हुए विधायक जब पार्टी छोड़ रहे हैं तो वहां की अन्य पार्टियों के नेता भी दल-बदल में पीछे नहीं रह रहे है क्योंकि उन्हें टिकट नहीं मिलने का खतरा दिखाई दे रहा है। छतरपुर के पूर्व विधायक करतार सिंह तंवर जब भाजपा में शामिल हुए तो वहां के दिग्गज नेता ब्रह्म सिंह तंवर भाजपा का साथ छोड़ आप में चले गए। आप ने बतौर उम्मीदवार भी उन्हें मैदान में उतारा है। इसी तरह पांच बार के पूर्व विधायक मतीन अहमद ने भी कांग्रेस छोड़कर आप का दामन थाम लिया।

## पालम में दलाल चला रहा था देह व्यापार का धंधा, पुलिस ने छापा मारकर दबोचा दो महिलाओं को भी बचाया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पुलिस ने यहां से एक दलाल को गिरफ्तार कर दो महिलाओं को बचाया है। पुलिस



ने दलाल के कब्जे से नकली ग्राहक से मिले दो हजार रुपये बरामद किए हैं। आरोपी की पहचान महावीर एन्क्लेव निवासी लिटन मजूमदार के रूप में हुई है।दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस ने पालम इलाके में चल रहे वेश्यावृत्ति रैकेट का खुलासा किया है। पुलिस ने यहां से एक दलाल को गिरफ्तार कर दो महिलाओं को बचाया है। पुलिस ने दलाल के कब्जे से नकली ग्राहक से मिले दो हजार रुपये बरामद किए हैं। आरोपी की पहचान महावीर एन्क्लेव निवासी लिटन मजूमदार के रूप में हुई है।दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस को पालम इलाके में वेश्यावृत्ति गतिविधि चलने की जानकारी मिली। अधिकारियों ने जिला के स्पेशल स्टाफ को अपराध पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने धंधे के बारे में जानकारी हासिल की।पुलिस ने धंधे की जगह और इससे जुड़े लोगों की पहचान की। आरोपी के बारे में सूचना मिलने के बाद 22 नवंबर को पुलिस टीम महावीर एन्क्लेव स्थित एक मकान पर पहुंची। टीम में शामिल पुलिसकर्मियों में से एक को नकली ग्राहक बनाकर मकान के अंदर भेजा गया। नकली ग्राहक ने दलाल के जरिए दो हजार रुपये में सौदा तय किया उसे दलाल ने दो महिलाओं को दिखाया। सौदा तय होने के बाद ग्राहक बने पुलिसकर्मी ने मकान के बाहर मौजूद अपनी टीम को इशारा कर दिया। पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारा। पुलिस ने वहां से दलाल लिटन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वहां से 23 और 29 साल की दो महिलाओं को बचाया। जिसके जरिए दलाल वेश्यावृति का रैकेट चला रहा था। पुलिस ने दलाल के खिलाफ पालम थाने में मामला दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

## एक मोड़ आया, भाजपा को नई राह कांग्रेस फिर चौराहे पर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कई महीनों तक बदरीनाथ हार के कांटे चुभने के बाद केदारनाथ की जीत ने भाजपा



को मस्तक पर चंदन सी ठंडक और खुशबू दी है। राजनीति में टर्निंग प्वाइंट का विशेष महत्व होता है, ऐसा ही एक मोड़ लेकर आया है केदारनाथ का उपचुनाव। बदरीनाथ में राह भटकने वाली भाजपा केदार के द्वार तक पहुंच गई। कई महीनों तक बदरीनाथ हार के कांटे चुभने के बाद केदारनाथ की जीत ने भाजपा को मस्तक पर चंदन सी ठंडक और खुशबू दी है। केदारनाथ की जीत ने न सिर्फ राज्य में भाजपा को आगे की नई राह दिखा दी है, बल्कि पूरे देश में पार्टी की सोच, विचारधारा को अधिक मजबूती और सुखद संदेश दिया है। कांग्रेस जिस राह को पकड़कर उपचुनाव जीत यात्रा के लिए जोरशोर से निकली थी फिर से चौहारे पर आकर खड़ी हो गई है। राज्य के कांग्रेस नेता एक बार फिर ये साबित करने में विफल रहे कि आखिर केदारनाथ के मतदाता उनकी पार्टी का विधायक क्यों चुनें। जबकि इसी केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र में नौ हजार से अधिक मतदाता ऐसे निकल कर आए हैं जिन्होंने निर्दलीय त्रिभुवन सिंह को वोट दिया, शायद उन्हें भी उनके विधायक बनने पर पूरा भरोसा नहीं होगा।पहाड़ के इस चुनाव ने पुख्ता कर दिया है कि इस विधानसभा क्षेत्र में ऐसे मतदाता भी हैं जिन्हें भाजपा-कांग्रेस दोनों पसंद नहीं हैं। चुनावी नतीजों में कुलदीप के बाद अब त्रिभुवन का नाम दोनों दलों का लंबे समय तक पीछा करेगा।देश में उत्तराखंड शायद इकलौता राज्य है जहां 25 सालों में राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव की चर्चा और गुंजाइश लगभग हमेशा बनी रही है। लिहाजा इस चुनाव के नतीजों को लेकर भी राजनीतिक लोग अपने-अपने तरह से आस लगाए रहे।

## सिपाही की हत्या करने वाला बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, आरोपी ने पेट व छाती पर चाकू चाकू से किया था हमला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में कांस्टेबल की हत्या करने वाले बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। बदमाश दीपक ने शुक्रवार की रात सिपाही किरण पाल चाकू मारकर हत्या की थी। दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में कांस्टेबल की पेट्रोलिंग के दौरान चाकू से गोदकर की हत्या कर दी गई। हत्या करने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। बदमाश दीपक ने शुक्रवार की रात सिपाही किरण पाल चाकू मारकर हत्या की थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, किरणपाल शनिवार तड़के गोविंदपुरी की गली नंबर-13 में पड़े मिले। उनके पेट व छाती पर चाकू मारने के निशान थे। दिल्ली पुलिस के सिपाही की हत्या से दिल्ली पुलिस में हड़कंप मच गया है और सीनियर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। सिपाही वर्दी में था और सरकारी मोटरसाइकिल भी पास में पड़ी मिली। दिल्ली में वर्दी में सिपाही की हत्या का इस तरह का मामला पहली बार सामने आया।



## केजरीवाल ने जीत को दिल्ली चुनाव से पहले का सेमीफाइनल बताया, कहा- जनता को पसंद आया काम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश में दिल्ली का मॉडल ऑफ गवर्नेंस स्थापित किया। पंजाब के परिणाम को दिल्ली चुनाव का सेमीफाइनल बताया है। उन्होंने कहा कि जनता ने बता दिया कि आप अच्छा काम कर रही है। पंजाब विधानसभा उपचुनाव के नतीजों ने आम आदमी पार्टी में जोश और उत्साह भर दिया है। पंजाब में चार में तीन सीट पर आम आदमी पार्टी (आप) जीत गई है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के परिणाम को दिल्ली चुनाव का सेमीफाइनल बताया है। साथ ही, यह परिणाम 2027 में होने वाले पंजाब चुनाव का भी सेमीफाइनल था। उन्होंने कहा कि जनता ने बता दिया कि आप अच्छा काम कर रही है। इसके साथ अब पंजाब में आप की 95 सीटें हो गई हैं। ऐसे में आगामी दिल्ली विधानसभा को लेकर आप ने अपनी तैयारियों को और धार देनी शुरू कर दी है। केजरीवाल ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई दी है। उन्होंने दिल्ली मॉडल ऑफ गवर्नेंस की चर्चा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली मॉडल अब देश में स्थापित हो चुका है। पहली बार दिल्ली के लोगों ने 2013 में 49 दिन की आप सरकार बनाई थी। उन 49 दिन की सरकार में देश को दिल्ली मॉडल ऑफ गवर्नेंस की एक झलक दी थी। इसमें बिजली सस्ती, मुफ्त पानी दिया। उसको देखकर एक साल बाद 2015 में जनता ने 70 में से 67 सीट दी थी। उन्होंने कहा कि पंजाब में 2022 में आप की ऐतिहासिक जीत हुई। 117 में 92 सीट जनता ने दी। ऐसे में काम की राजनीति पर दूसरी बार



पंजाब के लोगों ने मोहर लगाई है। इस दौरान सांसद राघव चड्ढा, पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन, पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा और विधायक जरनैल सिंह समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। केजरीवाल ने आगे कहा कि मॉडल ऑफ गवर्नेंस है कि आम आदमी की दिन पर दिन की सहूलियत, आम आदमी की जिंदगी को कैसे बेहतर किया जाए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि अभी तक इस देश के अंदर 70 साल में दूसरी पार्टियां इस बारे में बात ही नहीं करती थीं। जनता की सहूलियत, बिजली, पानी, सड़क, इनकी बात ही नहीं करती थी। आप ने बच्चों के लिए शानदार स्कूल बना दिए। अब अपने बच्चों को दिल्ली में निजी स्कूलों में भेजना बंद कर दिया है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर को भी शानदार बनाया है। पहले दिल्ली मेट्रो 200 किलोमीटर की लाइन बनी थी। दिल्ली सरकार ने 9 साल में 450 किलोमीटर की लाइन बना दी है। पहले दिल्ली में 65 साल में 62 फ्लाईओवर बने थे। लेकिन, 9 साल में 38 नए फ्लाईओवर बना दिए हैं। 10 हजार किलोमीटर की नई सड़कें बनी हैं। 6800 किलोमीटर की सीवर पाइपलाइन, पानी की पाइपलाइन, नालियां डली हैं। पूरे दिल्ली के अंदर सीसीटीवी कैमरे और स्ट्रीट लाइट्स लगाई। उन्होंने कहा कि जो लोग अब तक जनता को देने वाली सुविधाओं को फ्री की रेवड़ी कहा करते थे। वे यही रेवड़ी अब हर राज्य में देने के लिए कह रहे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि हमारा झाड़ू सफाई करता रहेगा। पंजाब में जीतकर आए हैं और आगे भी जीतेंगे। अब अगली बारी दिल्ली की है। आप के राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि पंजाब की जनता ने बता दिया कि वह आप के कार्यों से खुश हैं। जनता ने केजरीवाल की काम की राजनीति पर मुहर लगा दी है।

## एनजीटी ने स्टेडियम के रिनोवेशन का दिया निर्देश दिलजीत कॉन्सर्ट के बाद गंदगी से भरा था रनिंग ट्रैक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए तत्काल कार्रवाई का आदेश दिया है। दिलजीत दोसांझ कॉन्सर्ट के बाद से स्टेडियम का रनिंग ट्रैक कूड़े से भरा हुआ था। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने पिछले महीने दिलजीत दोसांझ कॉन्सर्ट के 'अराजक परिणाम' के बाद जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए तत्काल कार्रवाई का आदेश दिया है, जिसमें स्टेडियम का रनिंग ट्रैक कूड़े से भरा हुआ था। एक समाचार रिपोर्ट के आधार पर इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेते हुए ट्रिब्यूनल ने कहा, 'यह मामला ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के उल्लंघन का संकेत देता है।19 नवंबर को दिए गए एक आदेश में एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अगुवाई वाली पीठ ने कहा, 'संगीत कार्यक्रम के बाद स्टेडियम का मैदान कूड़े से भरा हुआ था, जिसमें टूटी हुई कांच की बोतलें, बीयर के डिब्बे, प्लास्टिक के रैपर और अन्य कचरा शामिल था और गंदगी थी।

## दिल्ली में ईंधन के प्रकार की पहचान के लिए लगाना होगा स्टीकर, यहां जानें सब कुछ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में वाहन मालिकों को अब क्रोमियम-आधारित होलोग्राम स्टिकर लगाना अनिवार्य होगा। स्टिकर, जांच के दौरान वाहन के ईंधन के प्रकार को पहचानने में मदद करेगा।दिल्ली की सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों को अब अपने वाहन पर ईंधन के प्रकार की पहचान के लिए स्टीकर लगाना होगा। इसके लिए परिवहन विभाग की ओर से नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों ने बताया दिल्ली में वाहन मालिकों को अब क्रोमियम-आधारित होलोग्राम स्टिकर लगाना अनिवार्य होगा। स्टिकर, जांच के दौरान वाहन के ईंधन के प्रकार को पहचानने में मदद करेगा। यह नियम एक अप्रैल, 2019 से खरीदे गए नए वाहनों और 31 मार्च, 2019 से पहले पंजीकृत पुराने वाहनों दोनों पर लागू होगा। वाहन की विंड स्क्रीन पर स्टीकर चिपकाना होगा। पुराने वाहनों के मालिकों को स्टिकर लगाने के लिए अपने संबंधित वाहन डीलरों से संपर्क करना होगा। इसके अलावा सोसाइटी ऑफ इंडियन आटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआइएएम) की वेबसाइट या परिवहन विभाग के पोर्टल के माध्यम से ईंधन-आधारित रंग-कोडित स्टीकर के साथ-साथ हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) को अपने घर पर लगवाने के लिए आनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिन वाहनों में स्टीकर नहीं होगा उन पर कार्रवाई की जाएगी। स्टीकर में पंजीकरण संख्या, एक लेजर-ब्रांडेड पिन और वाहनों के इंजन व चेसिस नंबर जैसे विवरण होंगे।



## GEM OF आधुनिक भारत

प्रतिभा किसी मंच की मोहताज नहीं होती। कुछ ऐसा ही जज्बा लगन है प्रयागराज के कवि साहित्यकार एवं स्टेट कारडिनेटर इंडिया स्पेस वीक नोडल सेंटर इसरो। डा. प्रभांशु जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी है। आपको राष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित भी किया जा चुका है।अभी सन 2023 में आपकी पुस्तक डां प्रभांशु की कलम से को उ0प्र0 सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है। आप स्टेट कारडिनेटर इंडिया स्पेस वीक नोडल सेंटर इसरो प्रयागराज में कार्यरत हैं। आप पूरे उ0प्र0 के हर स्कूल/कालेज/विश्वविद्यालयों/महाविद्यालय में अंतरिक्ष शिक्षा पर जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। आपका आकाशवाणी दूरदर्शन पर निरंतर कार्यक्रम होता रहता है।



लेखक परिचय- सृष्टि यादव का जन्म 6 सितम्बर सन् 1999 में उत्तर प्रदेश के जनपद मिर्जापुर में एक सुशिक्षित मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ। उनके पिता श्री लालजी यादव भारतीय जीवन बीमा निगम में कार्यरत है, और उनकी माता श्रीमती ऊषा देवी एक गृहिणी है। सन् 2021 में वो एक गैर सरकारी संगठन की सदस्य बनी ,जिसमें वो कई जागरूकता अभियान का हिस्सा रही और साहित्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी रही और अपना स्थान भी बनाया । उनकी 15 से अधिक साझा संकलन कृतियां प्रकाशित हुईं है



डाक पंजीयन नं.AD-326/2024-2026 -website:www.aadhuniksamachar.com- E-mail:-adhuniksamachar2024@gmail.com YouTube आधुनिक समाचार









# आत्मा योजनान्तर्गत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नैनी, प्रयागराज।** प्रसार निदेशालय, शुआट्स, प्रयागराज जनपद जमुई, बिहार राज्य के चयनित 27 कृषकों का आत्मा योजनान्तर्गत पाँच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन प्रसार निदेशालय में सम्पन्न हुआ। निदेशक प्रसार डा0 प्रवीन चरन ने कृषकों को मक्का की खेती की उपयोगिता एवं महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि बिहार में कुल 78.82 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में अकेले मक्का की खेती 7.2 लाख हेक्टेयर है। इसकी खेती से बिहार के 1.3 मिलियन किसानों को आजीविका मिलती है जिसमें से अधिकांश लघु एवं सीमान्त किसान हैं। मक्का की मांग मुख्य रूप से पशु चारा उद्योग, संशोधित मकई स्टार्च के रूप में है। राज्य की उत्पादकता के दृष्टिगत अगर मक्का की खेती वैज्ञानिक विधि से की जाये तो यह गेहूँ की तुलना में प्रति एकड़ दोगुनी आय देता है इसलिए यह मक्का किसानों की आय बढ़ाने की क्षमता रखता है। एसआरएस सर्टिफिकेशन इण्डिया के निदेशक श्री किरण कुमार ने जैविक खेती और उसके प्रमाणीकरण हेतु कृषकों को प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि एसआरएस सर्टिफिकेशन इण्डिया के जैविक सलाहकार श्री दिनेश गुरनानी ने कहा कि जैविक उत्पादन न सिर्फ आज के समय की आवश्यकता है अपितु निरन्तर जैविक खेती का फसलों में उपयोग द्वारा रसायनिक कीटनाशकों का प्रभाव दीर्घ अवधि में कम किया जा सकता है। प्रशिक्षण समन्वयक डा0 मनीष कुमार केसरवानी, श्रीमती मीना नेथन, डा0 रामपाल सिंह, डा0 मुकेश पी. मसीह, डा0 शिशिर कुमार ने तकनीकी जानकारी दी। आत्मा, जमुई के टीम लीडर श्री राजीव रंजन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार विगत पाँच दिवसों में अल्पावधि में कृषकों को मक्का की उन्नतशील खेती, पशुपालन, एकीकृत नाशीजीव प्रबन्धन, कटाई उपरान्त प्रबन्धन एवं उद्यमशीलता के विषय में सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक प्रशिक्षण दिये जाने पर प्रसन्नता जाहिर की।







# 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर होगा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। संविधान दिवस पर संविधान के मूल्यों एवं सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किए जाते है। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु कार्यालयों, स्वायत्तशासी, निकायों/संगठनों, स्थानीय निकायों एवं शैक्षणिक संस्थानों से अपेक्षा है कि 26 नवम्बर 2024 को पूर्वान्ह 9:30 बजे संविधान की प्रस्तावना का पाठन किये जाने एवं संविधान के संवैधानिक मूल्यों एवं मूलभूत सिद्धांतो पर आधारित वाद-विवाद, वेबिनार, गोष्ठी आदि का आयोजन सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम/समारोह के फोटोग्राफ सहित भारत सरकार की वेबसाइट पर अपलोड करते हुए संसदीय कार्य विभाग को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।इस क्रम में अपर जिला अधिकारी सिद्धार्थ ने शासन के निर्देशानुसार बताया है कि संविधान दिवस 26 नवम्बर 2024 को प्रातः 9:30 बजे स्वतंत्रता के अमृत काल के अवसर पर जनपद में वर्ष पर्यन्त विधिक कार्यक्रम उत्सव के रूप में आयोजित किए जाने तथा यह उत्सव ठहमारा संविधान, हमारा स्वाभिमानठ की टैगलाइन के अन्तर्गत अभियान के रूप में गतवर्षों की भांति इस वर्ष भी सविधान दिवस के अवसर पर जनपद में जनपद के प्रभारी मा0 मंत्री/मा0 वरिष्ठ सांसद / जनपद के वरिष्ठ जन प्रतिनिधि/ जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं उपस्थिति में जनपद की नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों, जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायतों, ग्राम पंचायतों में कमशः नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान की अध्यक्षता एवं उपस्थिति में उनके कार्यालयों/सभाकक्षों में एवं जनपद न्यायालय के अधिवक्ता सभागारों में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष / उपाध्यक्ष / सचिव द्वारा अधिवक्ताओं के साथ (न्याय विभाग के माध्यम से) बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा/छाया चित्र के समक्ष संविधान की प्रति के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया जाये।

# विभिन्न मांगों को लेकर जेलभरो आंदोलन एवं विधानसभा का घेराव करने के लिए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने एक आवश्यक बैठक आयोजित की


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट ने जिला अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला के नेतृत्व में राजर्षि रामपाल सिंह वैदिक इंटर कॉलेज में एक आवश्यक बैठक आयोजित की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेशीय मंत्री राम मोहन सिंह ने बताया कि शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर 2, 3 एवं 4 दिसंबर को लखनऊ विधानसभा का घेराव एवं जेलभरो आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश भर के शिक्षक रॉयल होटल में इकट्ठा होंगें, वहीं से पैदल मार्च करते हुए विधानसभा का घेराव करेंगें। संपूर्ण कार्यक्रम को तीन चरणों में बांटा गया है। प्रत्येक चरण में प्रदेश के 6 मंडलों को शामिल किया गया है। रायबरेली जनपद लखनऊ मंडल के अंतर्गत आता है। यहां के शिक्षक 3 दिसंबर को लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगें।जिला अध्यक्ष अशोक शुक्ला ने बताया कि पुरानी पेंशन की बहाली हमारी प्रमुख मांग है। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाएगी, हम सब शांत नहीं बैठने वाले हैं। तदर्थ शिक्षकों का वेतन नवंबर 2023 से अवरुद्ध है। 1 वर्ष का लंबा समय बीत जाने के बाद भी अभी तक उनको वेतन नहीं दिया जा रहा है। उनके परिवार के ऊपर आर्थिक संकट मंडरा रहा है। उन शिक्षकों के अवरुद्ध वेतन को निर्गत कर उन्हें विनियमित किया जाना अपरिहार्य हो गया है।जिला मंत्री सोमेश सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षकों को चिकित्सीय सुविधा का लाभ नहीं दिया जा रहा है। यह एक चिंतनीय विषय है। वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों को मिलने वाला मानदेय बंद कर दिया गया है। उन्हें सम्मानजनक मानदेय मिलना चाहिए। माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया इतनी जटिल है कि इनका आसानी से स्थानांतरण नहीं हो पता है। इसे ऑनलाइन और सरल किया जाए।इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी डॉ सुनील दत्त, जिला कोषाध्यक्ष आशुतोष कुमार मित्र, संयुक्त मंत्री सरोज अनिल कुमार, संगठन मंत्री विजय शंकर शुक्ला, आय व्यय निरीक्षक लेफ्टिनेंट सत्येंद्र कुमार, बृजमोहन सिंह, संजय सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।







प्रदेश आस/पास





वाराणसी काशी जौनपुर, रायबरेली







# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए की गई बैठक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व राजकुमार सिंह, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशा-निर्देशन में दिनांक 14 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, समस्त सिविल जज(व0 श्रेणी), समस्त अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेटगण, समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटगण, समस्त सिविल जज(क0 श्रेणी) के न्यायालयों में लम्बित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण की रुप-रेखा तय किये जाने हेतु बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आहूत की गयी। उक्त बैठक की अध्यक्षता माननीय जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह द्वारा की गयी। माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, जिससे अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। बैठक में पिछले लोक अदालत की सफलता को दोहराने व उसे और सफल बनाने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया गया जिसमें सभी ने अपने-अपने सुझाव साझा किये। बैठक में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य के द्वारा मा0 उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिये गये निर्देशों के प्रकाश में न्यायालय में लम्बित मामलों का निस्तारण कर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने का प्रयास किया गया। उक्त बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पवन कुमार सिंह, प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमोद कंठ, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रे-द्वितीय प्रभाष त्रिपाठी व अन्य न्यायिक मजिस्ट्रेटगण उपस्थित रहे।

## सर्व शक्ति साधना मंडल के भक्तों ने बाबा नीम करौली के दर्शन किए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** सर्वशक्ति साधना मंडल नोएडा की टीम ने कैंची धाम नैनीताल में नीम करोली बाबा के दर्शन किए और घोराखाल में श्री गोलू देवता के भी दर्शन किए और रानीबाग मे शीतला माता के दर्शन किये। करोली बाबा को कलयुग में हनुमान जी का अवतार माना जाता है और श्री गोलू देवता को न्याय का देवता माना जाता है । नीम करोली बाबा का वास्तविक नाम लक्ष्मीनारायण शर्मा था। उत्तरप्रदेश के अकबरपुर गांव में उनका जन्म 1900 के आसपास हुआ था ,नीम करौली बाबा के अनुसार जो इंसान अपने धन का कुछ हिस्सा जरूरतमंदों को बांटता है वह हमेशा खुशहाल रहता है इस अवसर पर आर डब्लू ए उपाध्यक्ष रवि राघव, देवमणि शुक्ल, गोरे लाल, संजय पांडे, हरि शंकर सिंह, प्रकाश जोशी, हंस मणि शुक्ल, दीपक मेहरा, आशीष कुन्दु, अंकित सिंह आदि सर्व शक्ति साधना मंडल नोएडा के सदश्य उपस्थिति रहे।



# नैट और नैस परीक्षा-2024 को सफल बनाएं प्रधानाध्यापकः डीएम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता को लेकर आगामी दिनों में होने वाली नैट, नैस और निपुण भारत लक्ष्य की परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने अधिकारियों के साथ बैठक ली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने 29 और 30 नवंबर को होने वाली निपुण असेसमेंट टेस्ट (नैट परीक्षा), राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (नैस) परख परीक्षा को सफल बनाने को लेकर विभागीय दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को निर्धारित समय में निपुण बनाने के लिए उनकी उपस्थिति पर सर्वाधिक ध्यान देना होगा। विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित रहे, इसके लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को सफल बनाने के लिए प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए जाएं। इसके अलावा उन्होंने परीक्षा के दिन जिला स्तरीय अधिकारी से लेकर ब्लॉक तक के अधिकारियों को निगरानी और रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा। उन्होंने राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत एक्सपोजर विजिट और कायाकल्प के संबद्ध में भी विभागीय समीक्षा की। बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राएं और शिक्षक नेट (निपुण असेसमेंट टेस्ट) की तैयारियों में जुटे हुए हैं। शासन के निर्देश पर शिक्षक अपनी तरह से छात्र-छात्राओं को बोर्ड के माध्यम से ओएमआर शीट भरने का अभ्यास करा रहे हैं। विद्यालयों में क्लॉस 4 से 8 तक के बच्चों का नियमित ओएमआर सीट पर अभ्यास अध्यापक करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा 29 और 30 नवंबर को परिषदीय विद्यालयों में कराई जाएगी। उन्होंने वताया कि इस परीक्षा के आने वाले परिणाम को स्कूल शिक्षा महानिदेशालय की ओर से प्रेरणा पोर्टल पर ऑनलाइन रिजल्ट अपलोड करने का विकल्प जोड़ दिया गया है। राज्य स्तर पर स्कूलों की निगरानी व शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए विद्या समीक्षा केंद्र बनाया गया है, जो प्रत्येक स्कूल के रिजल्ट का विश्लेषण किया जाएगा। इस परीक्षा को बहुत सावधानी के साथ में परीक्षा सम्पादित कराने के निर्देश प्रधानाध्यापकों को दिए गए हैं। परीक्षा को लेकर निगरानी बीईओ से लेकर एसआरजी व एआरपी कर रहे हैं। इस परीक्षा के बाद दिसंबर माह में एनएएस यानी राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण परख होना है। यह सर्वे भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जाने वाला एक शैक्षिक मूल्यांकन सर्वेक्षण है। यह सर्वेक्षण, देश भर के स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की सीखने की उपलब्धि का आकलन करने के लिए किया जाता है। इस सर्वेक्षण के ज़रिए, शिक्षा प्रणाली की दक्षता का पता चलता है और सुधार के लिए कदम उठाएं जा सकते हैं। यह सर्वेक्षण तीन साल में एक बार आयोजित किया जाता है। इस टेस्ट को बेहतर ढंग से विभाग के साथ पर कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेवा भारती किशोरी स्वावलंबन कार्यशाला का समापन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा विभाग - सेवा भारती का तीन दिवसीय किशोरी स्वावलंबन कार्यशाला का समापन पर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मे आकर किशोरी के कैरियर के सम्बन्धी जिज्ञासा समाधान किया अनामिका अवस्थी, स्वाती सोनकर ने आर्ट, डाक्टर सुमेधा रस्तोगी, डाक्टर पूजा त्रिवेदी ने किशोरियों को स्वस्थ, चेकअप परामर्श दिया,





विभाग प्रचारक राहुल ने कहा बहन अरूणिमा का आत्मविश्वास ,साहस ,पर्वता रोही बनना प्रेरणा योग्य है सेवा भारती के प्रान्त अध्यक्ष रविन्द्र सिंह गंगवार ने समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण, संस्कार को बचाने के लिए किशोरी को आत्मरक्षा, स्वावलंबन, घरेलू औषधियों, स्वस्थ से सम्बंधित प्रशिक्षण को आवश्यक बताया। विभाग सेवा प्रमुख गया प्रसाद ने बताया कि नगरीय , ग्रामी बस्तियों से 168 बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यशाला मे स्वास्थ्य, स्वलंबन, आत्मरक्षा, शिक्षा से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण हुआ ,एम्स रायबरेली की डीन नीरज कुमारी ने 75 पुस्तकें मेडिकल की तैयारी के लिए किशोरियों को भेट किया, पायलेट भव्या प्रकाश, रूपम धनेरिया,अपर पुलिस अधीक्षक अकांक्षा पाण्डे ए डी एम वित अम्रिता सिंह कार्यशाला चिकित्सा विभाग द्वारा आंख, दांत, ब्लड टेस्ट किया गया कइ बहनों हिमोग्लोबिन, आंख, मे कमी पाई गई जिन्हें दवा दिया गया, पिंकी, द्वारा आत्मरक्षा के लिए नियुद्ध, मंजु मूर्ति शर्मा पतंजलि योग समिति उन्नाव ने योगा प्राणायाम के साथ,घरेलू आर्युवेदिक औषधियों के प्रयोग से स्वस्थ रहना सिखाया,सुनीता यादव ने अगरबत्ती व अन्य उत्पाद बना कर रोजगार के गुण सिखाया,कार्यशाला संचालन मे मनोरमा प्रान्त उपाध्यक्ष, शारदा संयुक्त क्षेत्र किशोरी कार्य प्रमुख, रत्ना सिंह, सपना श्रीवास्तव, बबिता, अनंता मौर्य, सीता, टीनू चन्द्र, बहर से कार्यशाला के संचालन मे जगदीश यादव ,विनोद बाजपेई, शेखर,मोनू, विपुल श्रीवास्तव, नीलेश सचान,सक्रिय भूमिका निभाई।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 221 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के कुशल निर्देशन में को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समाज कल्याण अधिकारी ने



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली में सकुशल संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रही। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 221 जोड़ों का विवाह हुआ। जिलाधिकारी ने नव वैवाहिक जोड़ों बताया कि कार्यक्रम में राही 30, दीनशागौरा 21, न0पा0 रायबरेली 11, अमावां 43, रोहनिया 09, डलमऊ 51, न0प0 डलमऊ 01, ऊंचाहार 30, जगतपुर 25 सहित कुल 221 जोड़े का विवाह हुआ। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, एसडीएम सदर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नोटिस का नहीं भय, अवैध कब्जेदारों के आगे प्रशासन मौन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** लोक निर्माण विभाग की मिल्कियत वाली भूमि हैदरगढ़-महराजगंज- रायबरेली मार्ग (राज्य मार्ग-13ए0) मार्ग के किमी. 44, 45, 46 पर अवैध कब्जेदारों द्वारा



काफी समय से कब्जा कर मार्ग को बाधित किया जा रहा है, जिस पर कार्यालय सहायक अभियन्ता-प्रथम, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रायबरेली द्वारा नोटिस निर्गत कर सूचना दी गयी है कि शासन के आदेश पर मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है, अतः एक सप्ताह के अन्दर बिना जिलाधिकारी की अनुमति के निर्मित अनाधिकृत निर्माण को अविलम्ब हटा लें, किन्तु नोटिस को मात्र एक कागज का टुकड़ा मानते हुए दुकनदारों द्वारा अभी तक कब्जा नहीं हटाया गया। उल्लेखनीय है कि बस स्टेशन से अस्पताल चौराहा होते हुए डिग्री कालेज तक भीषण जाम की समस्या से शहरवासी पीड़ित हैं, इसी मार्ग पर जिलाधिकारी निवास का गेट नं0-1, दीवानी कचेहरी का गेट नं0-1, जिला चिकित्सालय का गेट नं0-1, विभिन्न कोचिंग संस्थानें, शिक्षण संस्थानें संचालित हैं, जिस कारण अप्रिय घटना प्रतिदिन घटित होती रहती है, यदि समय रहते हुए जिला प्रशासन ने उचित निर्णय लेते हुए उक्त दुकानों का धराशायन न कराया तो चौड़ीकरण का कार्य तो प्रभावित होगा ही वरन शहरवासियों के सब्र का बांध भी टूटेगा। शहरवासियों ने दीवानी कचेहरी के बाहर बनी हुई अवैध दुकानों सहित डिग्री कालेज चौराहे तक मार्ग को चौड़ीकरण कार्य को अविलम्ब कराये जाने की मांग शहर के सम्मानित जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जिला प्रशासन से की है।



# स्पोर्ट्स



साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को रौंदकर की वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी, भारत को इतने अंतर से पछाड़ा



## 'काफी धीमी गेंद फेंक रहे यशस्वी ने स्टार्क को किया स्लेज; गंभीर का 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** स्टार्क ने ऑफ स्टंप के ठीक बाहर फुल लेंथ की गेंद फेंकी,



जिससे यशस्वी ने ड्राइव कर बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। स्टार्क यशस्वी को घूरने के बाद मुस्कुराए भी।यशस्वी जायसवाल ने शनिवार 23 नवंबर को पर्थ टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को स्लेज करने का फैसला किया। भारत की दूसरी पारी के दौरान 19वें ओवर में यशस्वी ने एक लॉफ्टेड शॉट पर चौका बटोरा। इस पर स्टार्क ने यशस्वी को घूर कर देखा। तो यशस्वी ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। हालांकि, दोनों के बोलने का लहजा हंसी मजाक वाला था।यशस्वी का स्टार्क को मुंहतोड़ जवाब स्टार्क ने ऑफ स्टंप के ठीक बाहर फुल लेंथ की गेंद फेंकी, जिससे यशस्वी ने ड्राइव कर बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। स्टार्क यशस्वी को घूरने के बाद मुस्कुराए भी। अगली ही गेंद पर यशस्वी ने एक स्ट्रेट शॉट खेला और शानदार डिफेंस दिखाया। उन्होंने स्टार्क को एक स्पष्ट संदेश भेजा कि वह डरे हुए नहीं हैं। इसके बाद भी जब स्टार्क ने उन्हें घूरकर देखा तो यशस्वी ने कहा- आप मुझे बहुत धीमी गति से गेंद फेंक रहे हैं।यह पहली बार नहीं था जब स्टार्क ने किसी भारतीय खिलाड़ी के साथ ऐसा किया हो। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई पारी के दौरान स्टार्क ने हर्षित राणा को भी स्लेज करने की कोशिश की थी। हालांकि, बात मजाक में निकल गया क्योंकि हर्षित और स्टार्क दोनों आईपीएल 2024 में एक ही टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेले थे।यशस्वी ने गंभीर का रिकॉर्ड तोड़ा यशस्वी पहली पारी में बिना खाता खोले आउट हुए थे। दूसरी पारी में उन्होंने अर्धशतक जड़ा। यह टेस्ट करियर का नौवां अर्धशतक रहा। यशस्वी ने गौतम गंभीर का 16 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। वह अब टेस्ट में एक कैलेंडर वर्ष में किसी भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा रन बनाने की सूची में सबसे आगे हैं। मौजूदा भारतीय कोच ने 2008 में आठ मैचों में 70.67 की औसत से 1134 रन बनाए थे। इनमें छह अर्धशतक और तीन शतक शामिल हैं। यशस्वी के नाम फिलहाल 55.28 की औसत से 1161 से ज्यादा रन हैं। वह इस साल टेस्ट में जो रूट के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

## गावस्कर के नाम का गलत इस्तेमाल भारत के महान बल्लेबाज ने झूठे ब्लॉग पर कानूनी कार्रवाई की धमकी दी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गावस्कर ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को इंस्टाग्राम पर वेबसाइट की आलोचना की। कुछ भी देखते हैं उस पर कभी विश्वास न करें।' पूर्व बल्लेबाज फिलहाल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ब्रॉडकास्टर चैनल के साथ अनुबंधित हैं। पर्थ टेस्ट मैच से इस दौरे के लिए एक खिलाड़ी के रूप में ही जाना चाहिए। हम उप-कप्तान को इस दौरे का कप्तान बनाएंगे।'गावस्कर ने कहा, 'भारतीय क्रिकेट सबसे महत्वपूर्ण



महान बल्लेबाज ने लिखा, 'इंटरनेट पर आप जो कुछ भी देखते हैं उस पर कभी विश्वास न करें।पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने पर्थ टेस्ट मैच के दौरान उनके नाम से झूठा लेख प्रकाशित करने वाली वेबसाइट के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है। 'क्रिकेट सेप्शन' नाम की एक वेबसाइट ने गावस्कर के नाम से एक कॉलम प्रकाशित किया, जिसका शीर्षक था 'नेतृत्व में एक नया युगः बुमराह की कप्तानी और कोहली की नेतृत्व टीम इंडिया को पुनर्जीवित करती है'। गावस्कर ने शनिवार 23 नवंबर को बताया कि यह फर्जी है और उन्होंने ऐसा कुछ नहीं लिखा है गावस्कर ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को इंस्टाग्राम पर वेबसाइट की आलोचना की। महान बल्लेबाज ने लिखा, 'इंटरनेट पर आप जो पहले सुनील गावस्कर ने वकालत की थी कि अगर रोहित शर्मा शुरुआती टेस्ट में नहीं खेलते हैं तो जसप्रीत बुमराह को पूरे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024/25 के लिए भारत की कप्तानी करनी चाहिए। गावस्कर ने कहा था कि अगर रोहित पहले या दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाते हैं तो टीम को पूरी सीरीज के लिए नया कप्तान नियुक्त कर देना चाहिए। गावस्कर ने कहा कि न्यूजीलैंड से हार के बाद टीम को एकजुट करने की आवश्यकता है। उन्होंने स्पोर्ट्स तक से कहा था, 'शायद रोहित दूसरे में भी नहीं खेलेंगे। अगर ऐसा है तो मैं कहता हूं कि, अभी भारतीय चयन समिति को कहना चाहिए कि अगर आपको आराम करना है, तो आराम करें। अगर व्यक्तिगत कारण हैं तो उन्हें देखें। लेकिन अगर आप दो-तिहाई मैच मिस कर रहे हैं तो आपको है। मैं कहूंगा कि अगर हम न्यूजीलैंड सीरीज 3-0 से जीतते तो यह अलग मामला होता। क्योंकि हम यह सीरीज 0-3 से हार चुके हैं, इसलिए टीम को एक कप्तान की जरूरत है। कप्तान को टीम को एकजुट करना होता है। अगर शुरुआत में ही आपका मुख्य कप्तान नहीं है, तो पूरी सीरीज के लिए किसी और को कप्तान बनाना बेहतर होता है।' हालांकि, फिंच गावस्कर की राय से सहमत नहीं दिखे थे। उन्होंने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, 'मैं इस बात पर सनी से पूरी तरह असहमत हूं। रोहित शर्मा भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान हैं। यदि आपको घर पर रहने की आवश्यकता है क्योंकि आप पिता बनने वाले हैं तो इसमें कोई दिक्कत नहीं है। यह बहुत ही खूबसूरत पल है। आप इस वजह से जितनी मर्जी समय ले सकते हैं।

## दूसरा दिन भारत के नाम, यशस्वी ने एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा छक्के लगाए, राहुल फॉर्म में लौटे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**यशस्वी ने अब तक 193 गेंद का सामना किया और अब तक सात चौके और दो छक्के लगाए हैं। वहीं, राहुल ने अब तक 153 गेंद का सामना किया है और चार चौके लगाए हैं। पर्थ टेस्ट लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। यशस्वी ने अब तक इस कैलेंडर वर्ष में 34 छक्के लगाए हैं। उन्होंने 2014 में न्यूजीलैंड के ब्रैंडन मैकुलम द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ दिया। मैकुलम ने 2014 में 33 छक्के लगाए थे। इन दोनों के बाद





का दूसरा दिन भारत के नाम रहा। टीम इंडिया ने अपनी दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए 172 रन बना लिए हैं। फिलहाल केएल राहुल 62 रन और यशस्वी जायसवाल 90 रन बनाकर क्रीज पर हैं। टीम इंडिया की कुल बढ़त अब तक 218 रन की हो चुकी है। भारत ने अपनी पहली पारी में 150 रन बनाए थे, जबकि ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 104 रन पर समाप्त हुई थी। भारत को पहली पारी के आधार पर 46 रन की बढ़त मिली थी। यशस्वी ने अब तक 193 गेंद का सामना किया और अब तक सात चौके और दो छक्के लगाए हैं। वहीं, राहुल ने अब तक 153 गेंद का सामना किया है और चार चौके लगाए हैं। आईपीएल 2025 के लिए नीलामी 24 और 25 नवंबर को है। उससे एक दिन पहले केएल राहुल ने दम दिखाया है। वह फॉर्म में लौट चुके हैं। भले ही उन्होंने टेस्ट में रन बनाए, लेकिन राहुल के पास टी20 में काफी रन हैं और अगर उनका आत्मविश्वास जगता है तो वह टी20 और आईपीएल में भी कमाल कर सकते हैं। उन पर नीलामी में बड़ी बोली लग सकती है। वहीं, यशस्वी एक कैलेंडर्स वर्ष में टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के बेन स्टोक्स का नाम आता है। उन्होंने 2022 में 26 छक्के लगाए थे। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 104 रन पर सिमट गई। दूसरे दिन कंगारुओं ने सात विकेट पर 67 रन से आगे खेलना शुरू किया और 37 रन बनाने में बाकी तीन विकेट गंवाए। ऑस्ट्रेलिया को शनिवार का पहला झटका एलेक्स कैरी के रूप में लगा। उन्हें बुमराह ने विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया। कैरी 21 रन बना सके। इसके बाद नाथन लियोन हर्षित राणा का शिकार हुए। वह पांच रन बना सके। ये दोनों विकेट भारत ने शुरुआती एक घंटे के अंदर ले लिए थे। हालांकि, स्टार्क और जोश हेजलवुड की आखिरी जोड़ी को आउट करने में टीम इंडिया को एक घंटे लगे। स्टार्क और हेजलवुड ने 10वें विकेट के लिए 110 गेंद में 25 रन की साझेदारी की। स्टार्क ने 112 गेंद में दो चौके की मदद से 26 रन बनाए। उन्हें हर्षित ने ही शिकार बनाया। हेजलवुड सात रन बनाकर नाबाद रहे। भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही थी। तीसरे ही ओवर में बुमराह ने नाथन मैकस्वीनी को एल्बीडब्ल्यू आउट किया।

## तिलक वर्मा ने बनाया टी20 विश्व रिकॉर्ड, सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट में बनाए 151 रन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** तिलक की 67 गेंदों में 151 रनों की तूफानी पारी की मदद से हैदराबाद ने 248/4 का विशाल स्कोर बनाया। तिलक ने कई रिकॉर्ड भी तोड़े।हैदराबाद के कप्तान तिलक स्कोर अब सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के इतिहास में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। उन्होंने श्रेयस अय्यर के 147 को पीछे छोड़ दिया। इस पारी ने उन्हें टी20 मैच में 150 या उससे अधिक रन बनाने वाला दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान सेंचुरियन और जोहानिसबर्ग में भारत के लिए बैक-टू-बैक टी20 शतकों के बाद है। सभी प्रारूपों में 10 दिनों में तीन शतकों के साथ, तिलक टी20



वर्मा ने शनिवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मेघालय के खिलाफ 151 रन की शानदार पारी के दौरान कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। तिलक लगातार तीन टी20 शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। उनके द्वारा खेली गई पारी हैदराबाद के सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट के ओपनिंग मैच में सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा खेली गई सबसे बड़ी पारी भी है।तिलक की 67 गेंदों में 151 रनों की तूफानी पारी की मदद से हैदराबाद ने 248/4 का विशाल स्कोर बनाया। तिलक ने कई रिकॉर्ड भी तोड़े। तिलक का पहला भारतीय खिलाड़ी बना दिया। तिलक को क्रिकेट में सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक के रूप में माना जाता हैनंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हुए तिलक वर्मा ने मेघालय के गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान उन्होंने 14 चौके और 10 छक्के लगाए। उन्होंने 28 गेंदों में अर्धशतक और 51 गेंद में शतक पूरा किया। उनकी पारी ने हैदराबाद को 248/4 के कुल स्कोर तक पहुंचाया, जो सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी इतिहास में सर्वोच्च स्कोर में से एक है तिलक की अविश्वसनीय पारी इस महीने की शुरुआत में क्रिकेट में निरंतरता का प्रतीक बन गए हैं। लगातार दो अंतरराष्ट्रीय शतक जड़कर वह संजू सैमसन के क्लब में शामिल हुए थे और ऐसा करने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय बने थे। वह प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे थे। हाल ही में आईसीसी टी20 रैंकिंग में वह 69 पायदान चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए थे। वह सिर्फ ट्रेविस हेड और फिल सॉल्ट के पीछे हैं। उन्हें मुंबई इंडियंस ने अगले साल के आईपीएल के लिए पांच रिटेन किए गए खिलाड़ियों में रखा है। तिलक आने वाले समय के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक माने जाते हैं।

## गुकेश के पास होगा सबसे युवा विश्व चैंपियन बनने का मौका, लिरेन से मिलेगी चुनौती

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप में





सोमवार से शुरू हो रहे पहले मैच के साथ ही खिलाड़ियों को अधिकतम 14 क्लासिकल मुकाबले खेलने हैं और पहले 7.5 अंक हासिल करने वाला खिलाड़ी चैंपियनशिप जीतेगा। मुकाबला टाई रहने पर कम अवधि के मैच के जरिये विजेता का फैसला होगा। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सोमवार से होने वाले विश्व शतरंज चैंपियनशिप के लिए तैयार हैं और उनकी नजरें इस दौरान इतिहास रचने पर टिकी होंगी। विश्व चैंपियनशिप में गुकेश का सामना चीन के गत चैंपियन डिंग लिरेन से है। इसमें कोई संदेह गुकेश का पलड़ा लिरेन पर भारी है, लेकिन शीर्ष खिलाड़ियों का मानना है कि चीन के इस अनुभवी खिलाड़ी को कम आंकना चूक हो सकती है। विश्व चैंपियनशिप में सोमवार से शुरू हो रहे पहले मैच के साथ ही खिलाड़ियों को अधिकतम 14 क्लासिकल मुकाबले खेलने हैं और पहले 7.5 अंक हासिल करने वाला खिलाड़ी चैंपियनशिप जीतेगा। मुकाबला टाई रहने पर कम अवधि के मैच के जरिये विजेता का फैसला होगा। अतीत में हमेशा गत चैंपियन को चैलेंजर पर तरजीह मिलती आई है, लेकिन गुकेश और लिरेन के मौजूदा प्रदर्शन को देखते हुए 18 वर्ष के गुकेश का पलड़ा भारी नजर आ रहा है। वह सबसे युवा चैलेंजर हैं और उनके पास सबसे युवा विश्व चैंपियन बनने का मौका है।लिरेन 2023 में खिताब जीतने के बाद से लगातार औसत प्रदर्शन के बाद विश्व रैंकिंग में खिसककर 23वें स्थान पर आ गए। दूसरी ओर, गुकेश विश्व रैंकिंग में पांचवें नंबर पर पहुंच गए। उन्होंने अप्रैल में कैंडिडेट्स खिताब जीतकर लिरेन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबला खेलने की पात्रता हासिल की। लिरेन मानसिक स्वास्थ्य मसलों को लेकर अवसाद में रहे और 2023 में कई टूर्नामेंट नहीं खेल पाए। वह 2024 में लौटे और कुछ समय पहले स्वीकार भी किया कि वह विश्व चैंपियनशिप मुकाबला हार सकते हैं।विश्व चैंपियनशिप मुकाबला मानसिक दृढ़ता की भी कसौटी है और लिरेन का इसमें कोई सानी नहीं। उन्होंने पिछले साल रूस के दिग्गज इयान नेपोम्नियाश्चि को हराया था जबकि गुकेश के पास बड़े मुकाबलों का उतना अनुभव नहीं है। दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी का मानना है कि गुकेश इस मुकाबले में लिरेन को हरा सकते हैं, लेकिन दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन का मानना है कि लिरेन की चुनौती को कमतर नहीं आंका जा सकता।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## अबू धाबी टी10 लीग में स्पॉट फिक्सिंग नो बॉल के लिए यह गेंदबाज जांच के घेरे में

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** चौथे ओवर में बिलाल ने पांचवीं गेंद पर इतनी बड़ी नो बॉल फेंकी कि वह निशाने पर आ गए। बिलाल को एक फुट से अधिक का ओवरस्टेप करते हुए देखा गया। अबू धाबी टी10 लीग गलत कारणों से सुर्खियों में है। संयुक्त अरब अमीरात के तेज गेंदबाज हजरत बिलाल ने न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स के साथ सैम्प आर्मी के साथ मैच के दौरान बड़े पैमाने पर फ्रंट-फुट नो-बॉल फेंकी। इस घटना से स्पॉट फिक्सिंग की अटकलें लगाई जा रही हैं और टूर्नामेंट की विश्वसनीयता को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। मॉरिसविले सैम्प आर्मी का प्रतिनिधित्व करने वाले बिलाल चौथे ओवर में गेंदबाजी करने आए। मॉरिसविले ने फाफ डुप्लेसिस के 32 गेंदों पर 75 रनों की शानदार पारी की बदौलत न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स के सामने 136 रन का लक्ष्य रखा था। एक वक्त न्यूयॉर्क का स्कोर दो विकेट पर 32 रन था। चौथे ओवर में बिलाल ने पांचवीं गेंद पर इतनी बड़ी नो बॉल फेंकी कि वह निशाने पर आ गए। बिलाल को एक फुट से अधिक का ओवरस्टेप करते हुए देखा गया। यह इतनी बड़ी गलती थी कि टीम के बाकी खिलाड़ी हंसने लगे और डुप्लेसिस





भी अपनी हंसी नहीं रोक सके इसके बाद फ्री हिट पर डोनोवन फरेरा ने एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से छक्का लगाया। इसके बाद सोशल मीडिया पर फैंस जमकर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वॉर्नर भी इन प्रतिक्रियाओं में शामिल रहे। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए सवाल किया कि क्या सच में इसे सिर्फ नो-बॉल दिया जाना चाहिए और सिर्फ फ्री-हिट मिलना चाहिए?नो-बॉल की घटना ऐसे समय में हुई है जब अबू धाबी टी10 लीग पिछले भ्रष्टाचार के घोटालों के कारण जांच के घेरे में है। इस साल की शुरुआत में आईसीसी ने लीग से जुड़े कई व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाया था। पुणे डेविल्स के बल्लेबाजी कोच अशर जैदी पर 2021 सत्र के दौरान भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल होने के लिए पांच साल का प्रतिबंध लगाया गया था। वहीं, अन्य पर भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के लिए उकसाना का आरोप है। भ्रष्ट पेशकश की जानकारी देने में नाकाम रहने के कारण टीम के मालिक पराग सांघवी और कृष्ण कुमार चौधरी पर भी दो-दो साल का प्रतिबंध लगाया गया था। टी10 प्रारूप तेज क्रिकेट और स्पॉट फिक्सिंग के लिए विशेष रूप से अतिसंवेदनशील होने की वजह से आलोचनाओं के घेरे में है। एक सोशल मीडिया यूजर ने तो इसे स्पॉट फिक्सिंग से जोड़कर देखा है। विवादों के बावजूद सैम्प आर्मी ने 36 रन से जीत दर्ज की। सिर्फ एक ओवर फेंकने वाले बिलाल ने नौ रन दिए और एक विकेट लिया। लीग के आयोजकों ने अभी तक नो बॉल की इस घटना के संबंध में आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। अगर बिलाल स्पॉट फिक्सिंग में लिप्ट हुए तो उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है।




## अधिक मूल्य पर डीएपी बेचने पर थाना शाहगंज मे एफआईआर दर्ज



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जिला कृषि अधिकारी तहसील घोरावल द्वारा बताया गया कि उन्होंने 1500रु में ॅंझ् क्रय चतरा विकास खंड के अंतर्गत बेलखुरी ग्राम में स्थित मे0 खेती की निगरानी कर रही है। उर्वरकों को अधिक दर पर बेचने/ओवर डॉक्टर हरिकृष्ण मिश्रा ने बताया कि रविवार को जिलाधिकारी द्वारा निर्गत निर्देश पर उर्वरक की दुकानों पर सचल दल टीमों द्वारा औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जिसमें कृषकों को अधिक दर पर ॅंझ् बेचने पर ईंिजिला कृषि अधिकारी द्वारा कराई गई है। यह उल्लेखनीय है कि कृषक लालजी पुत्र तपेशी निवासी ग्राम बालडीह किया गया जबकि उसका निर्धारित मूल्य 1350रु ही है को मे0 परमेश्वर खाद भंडार शाहगंज प्रो0 परमेश्वर सिंह से खरीदा गया । इसका प्रतिकूल संज्ञान लेते हुए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत इनके विरुद्ध थाना शाहगंज में प्रथम सूचना रिपोर्ट (ईंिद)दर्ज कराई गई हैजिलाधिकारी के निर्देश पर बारी बीज एवं खाद भंडार, प्रो0 परमेश्वर के दुकान की छापेमारी की गई जहां पर उर्वरकों की रेट सूची न प्रदर्शित होने,स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर के अपडेट न होने के कारण इनके लाइसेंस को निलंबित किया गया।वर्तमान में जनपद में जिलाधिकारी द्वारा गठित सचल टीमें पूर्ण सक्रियता से उर्वरक के मूल्य एवं वितरण प्राइसिंग पर विक्रेताओं के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट (ईंिद)दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए गए है। सभी उर्वरक विक्रेताओं को चेतावनी देते हुए आगाह किया जाता है कि उर्वरकों का विक्रय निर्धारित दर से यदि एक रु अधिक पर भी किया गया तो जीरो टॉलरेंस की नीति के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

## श्री बालाजी बाबोसा भगवान 11 मंगलवारीय व्रतों का भव्य उद्यापन अनुष्ठान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** नोएडा कलियुग में श्री कुंड में श्री बाबोसा अष्टोत्तर शत् नामावली मंत्रों से आहुति दी जाएगी। प्रतिश्ठा एवं लभग 150 मंदिरों का अपने हाथों से लोकार्पण का राज्यमंत्री श्री अर्जुन राम जी मेधवाल मुख्य अतिथि के रुप में




हनुमान जी के रुप में पूजित श्री बालाजी बाबोसा भगवान के वार्षिक ग्यारह मंगलवारीय व्रतों का उद्यापन अनुष्ठान मंगलवार 26 नवम्बर को श्री बाबोसा फार्म, दिल्ली में संपन्न होगा। इस अवसर पर परम आराधिका मंजू बाईसा एवं परम श्रद्धेय श्री प्रकाश भाईजी के सान्निध्य में व्रतोत्सव से महोत्सव तक के कार्यक्रम में प्रातः 10 बजे से श्री बाबोसा भगवान की पावन कथा का वाचन किया जाएगा। तत्पश्चात हजारों भक्तों द्वारा हवन भक्तों की मान्यता है कि श्री बाबोसा भगवान के 11 मंगलवारीय व्रत करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं एवं सभी प्रकार के कष्टों से छुटकारा मिलता है। परम आराधिका मंजू बाईसा ने श्री बाबोसा भगवान एवं सनातन धर्म के प्रमुख देवी-देवता यथाः शिव परिवार, लक्ष्मी जी, गणेश जी, राधा-कृष्ण, माता रानी, हनुमान जी, राम दरबार, भैरो बाबा, विश्वकर्मा जी, खाटू श्याम जी, तिरुपति बालाजी की मिलाकर लगभग 7300 मूतियों में प्राण-अद्वितीय कार्य किया है। उनकी यह सेवा सनातन धर्म के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगी। श्री बालाजी बाबोसा भक्तमंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अनुष्ठान से श्री बाबोसा भगवान के मिंगसर महोत्सव का भी आगाज हो जाएगा। इस महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम 5 दिसम्बर 2024 को जापानी पार्क, रोहिणी दिल्ली में सांय 7 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला जी एवं केन्द्रीय आमंत्रित है। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 100 फुट ऊंची गदा एवं भारत की 21 पावन नदियों के जल से श्री बाबोसा भगवान की 251 मूर्तियों का महाभिषेक है।इस कार्यक्रम के विशेष निमंत्रण हेतु रोहिणी एवं आसपास के क्षेत्रों में बाबोसा कमांडो फोर्स के सदस्यों द्वारा 1 दिसम्बर 2024 रविवार को एक ही दिन में एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह कार्डो का वितरण किया जाएगा।

# बॉलीवुड/टेली मसाला



## साल 2024 में हुआ इन सितारों का तलाक, फैसले से आज भी प्रशंसक हैं हैरान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** साल 2024 रिश्तों के लिहाज से बॉलीवुड के लिए अच्छा हुए हैं। हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक की शादी भी इस साल टूट गई। कपल ने आपसी सहमती लगाते हुए ये फैसला लिया। दलजीत कौर ने शादी के एक साल में ही पति से तलाक ले लिया। ईशा



नहीं माना जा रहा है। इस साल बॉलीवुड में कई सितारों के तलाक हो गए। इससे प्रशंसक अभी भी परेशान हैं।साल 2024 बॉलीवुड इंडस्ट्री के लिए कुछ खास अच्छा नहीं रहा, इस साल कई सारे नामी सितारों के तलाक हो गए। एआर रहमान और सायरा बानो ने हाल ही में अपने तलाक की घोषणा की है, जिसको लेकर बहुत सी बातें प्रशंसक कर रहे हैं। इस साल एआर रहमान और सायरा बानो के अलावा कई जोड़ियों के तलाक से अलग रहने का फैसला लिया। इस बात की घोषणा कपल ने सोशल मीडिया पर की। क्रिकेटर हार्दिक पांड्या इस दौरान कई इवेंट्स में अकेले ही नजर आए थे, इसके बाद से उनके पत्नी से अलग होने की चर्चा ने जोर पकड़ लिया था। अभिनेत्री दलजीत ने इस साल निखिल पटेल से अपनी शादी तोड़ दी है। दलजीत ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बात का खुलासा किया। उन्होंने पति पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर करने का आरोप देओल ने साल 2024 में अपने पति से तलाक लिया। उनकी शादी भरत तख्तानी से साल 2012 में हुई थी। ईशा अब अपने तलाक को लेकर बातें करती नजर आती हैं। उन्होंने बताया कि आपसी सहमति से दोनों तलाक ले लिया। साउथ अभिनेता जयम रवि ने शादी के 15 साल बाद अपनी पत्नी आरती से तलाक की घोषणा सोशल मीडिया पर की। उनके तलाक की खबरें साल की शुरुआत से ही आ रही थीं।

## अल्लू अर्जुन ने बताया कैसा है पिता और पत्नी के साथ संबंध, जानें असहमतियों पर क्या बोले अभिनेता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म पुष्पा 2 को लेकर काफी चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने रिश्तों को लेकर बात की है, जिसमें उन्होंने अपने पिता और अपनी पत्नी के साथ आपसी रिश्ते के ऊपर प्रकाश डाला है। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी के साथ उनका एक निजी व्हाट्सएप्प ग्रुप भी है।साउथ के मशहूर अभिनेता अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म पुष्पा 2 को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने अपनी निजी जिंदगी को लेकर बात की है। हाल में ही वह नंदमुरी बालाकृष्णा के शो पर पहुंचे थे, जहां वो अपनी आगामी फिल्म की अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और फिल्म के निर्देशक सुकुमार के साथ नजर आए। इस दौरान उन्होंने रिश्तों को लेकर बात की और इसमें सभी के राय को सम्मान देने की अहमियत को लेकर भी बात रखी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अपनी पत्नी से झगड़े को सुलझाने के लिए उनका एक व्हाट्सएप्प ग्रुप भी है। इस दौरान वह निजी जीवन और परिवार सहित अन्य विषयों पर खुल कर बातें करते नजर आए। रिश्तों के बारे में पूछे जाने पर, पुष्पा 2 अभिनेता ने कहा, ङ्करिश्तों में, एक चीज जिस पर मैं दृढ़ता से विश्वास करता हूं, वह है सभी की राय का सम्मान करना। आखिरकार, हम एक छत के नीचे एक परिवार के रूप में रहते हैं और सभी की अपनी प्राथमिकताएं होती हैं। कुछ लोगों को कुछ चीजें पसंद होती हैं, जबकि अन्य को नहीं। अलग-अलग राय होना बहुत स्वाभाविक है।ठ अभिनेता ने इस बातचीत के दौरान कहा कि उनका एक निजी व्हाट्सएप्प ग्रुप है, जिसमें वो और उनकी पत्नी आपसी मतभेदों को सुलझाने के लिए उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि वो आपस में कभी सहमत होते हैं और कभी असहमत, लेकिन ये ग्रुप उनके बीच के विवाद को सुलझाने में काफी मदद करता है। इस बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि वो अपने पिता से बहुत ज्यादा प्यार करते हैं और उनका सम्मान करते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जबकि वह अपने पिता से बहुत प्यार करते हैं और उनका सम्मान करते हैं, ऐसे कुछ विषय हैं जिन पर वे सहमत नहीं होते हैं, जो दो इंसानों के बीच होना बहुत स्वाभाविक है। उन्होंने कहा, ठहमारी असहमति उन खास मुद्दों तक ही सीमित है। इसके अलावा, हम एक बेहतरीन बॉन्ड साझा करते हैं और अन्य सभी मामलों पर अच्छी तरह से बातें करते हैं।ठ उन्होंने कहा कि यह उनके अनुसार परिवार के बीच चीजों को सुलझाने का एक तरीका है। अल्लू अर्जुन ने कहा कि रिश्तों और परिवार में गलतफहमियां बहुत आम हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। यह सिर्फ कुछ खास मामलों में होती है। अगर आप इस नजरिए को समझ लें, तो जिंदगी के 99 प्रतिशत मतभेद सुलझाए जा सकते हैं। अभिनेता के दव उस खास़ मामले पर ग़लतफ़हमी है। अगर आप इस नज़रिए को समझ लें, तो ज़िंदगी के 99 प्रतिशत संघर्ष सुलझ सकते हैं।ठ अल्लू अर्जुन का यह एपिसोड सोशल मीडिया प्लैटफ़ॉर्म पर वायरल हो गया और उनके प्रशंसकों के बीच काफ़ी चर्चा का विषय बन गया। बताते चलें कि अल्लू अर्जुन की आगामी फिल्म पुष्पा2 इस साल 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।



## छोटे पर्दे पर लौट रहे दया, अभिजीत और एसीपी प्रद्युम्न, प्रोमो के साथ उठा तारीख से पर्दा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सीआईडी 2' में एसीपी प्रद्युम्न के रूप में शिवाजी साटम, दया के रूप में दयानंद शेट्टी और अभिजीत के रूप में आदित्य श्रीवास्तव हैं। आइए जान लेते हैं रविवार रात 10 बजे आप इस शो का लुत्फ उठा सकेंगे। वहीं, इसका धमाकेदार प्रोमो प्रशंसकों के उत्साह को चरम पर पहुंचा रहा है। पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, प्रशंसकों ने अपनी खुशी साझा की। एक यूजर



कि आप शो का लुत्फ कब और कहां और किस समय उठा सकेंगे- बचपन का पसंदीदा शो 'सीआईडी' अपने दूसरे सीजन के साथ वापसी के लिए तैयार है। शो के प्रशंसक जश्न मना सकते हैं क्योंकि निर्माताओं ने दूसरे सीजन 'सीआईडी 2' की रिलीज की तारीख का खुलासा कर दिया है। निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक आकर्षक ट्रेलर भी साझा किया। 'सीआईडी 2' में एसीपी प्रद्युम्न के रूप में शिवाजी साटम, दया के रूप में दयानंद शेट्टी और अभिजीत के रूप में आदित्य श्रीवास्तव हैं। आइए जान लेते हैं कि आप शो का लुत्फ कब और कहां और किस समय उठा सकेंगे- दो दशकों से अधिक समय तक दर्शकों को बांधे रखने के बाद 'सीआईडी' की टीम जल्द स्क्रीन पर वापस लौटेगी। सोनी टीवी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर क्राइम थ्रिलर शो की प्रीमियर की तारीख और समय की घोषणा कर दी है। 'सीआईडी 2' 1 दिसंबर, 2024 को हमारी स्क्रीन पर वापस आने के लिए तैयार है। सोनी टीवी पर हर शनिवार और ने लिखा, 'और वे वापस आ गए हैं। वे हमारे बचपन को वापस ले आए हैं। एक अन्य ने लिखा की, 'मैं शो के लिए इंतजार नहीं कर सकता। सीआईडी हमारा पसंदीदा शो था और हमें खुशी है कि चैनल ने एक और एक्शन से भरपूर सीजन पेश किया है। छह साल बहुत लंबा था।' प्रोग्रामिंग टीम ने 'सीआईडी 2' के लिए एक भव्य लॉन्च की योजना बनाई है, इसे रात 10 बजे का वीकएंड स्लॉट दिया गया है। शो का मुकाबला 'अनुपमा' और 'बिग बॉस 18' से होगा। निर्माताओं को विश्वास है कि 'सीआईडी 2' बड़ी संख्या में दर्शकों को आकर्षित करेगी और टीआरपी की सूची में अपनी जगह बनाएगी। क्रिएटिव टीम ने दिलचस्प प्रोमो के साथ चर्चा पैदा कर दी है और नई कहानी निश्चित रूप से दर्शकों के साथ तालमेल बिठाएगी। जानकारी हो कि 'सीआईडी' ने साल 1998 में सोनी टीवी पर दस्तक दी थी। यह शो साल 2018 तक दर्शकों का मनोरंजन करता रहा। यह एक कल्ट क्लासिक बन गया और अभी भी सबसे पसंदीदा शो में से एक है।

## वीकएंड का वार एपिसोड का प्रोमो जारी, हिना खान की हिम्मत को सलाम करते नजर आए सलमान खान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** छोटे परदे की चर्चित अदाकार हिना खान बिग बॉस 18 में हिस्सा लेती नजर आएंगी। इस दौरान उन्होंने अपनी जिंदगी को करते नजर आए हैं। वहीं, हिना खान अपनी यात्रा के बारे में बात करती दिख रही हैं।हिना खान ने बिग बॉस में अपनी यात्रा को याद करते हुए कहा, 'मैंने इस



लेकर बात की। रियलिटी शो बिग बॉस 18 दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रहा है। इस शो के वीकएंड का वार एपिसोड में बतौर मेहमान कोई फिल्मी हस्ती शिरकत करती नजर आती है। इस बार हिना खान शो में पहुंच रही हैं। हिना खान खुद भी बिग बॉस के 11वें सीजन का हिस्सा रही हैं। अब जब वे इस रियलिटी शो में पहुंचीं तो अपनी यात्रा याद करती नजर आईं। वीकएंड का वार एपिसोड का प्रोमो जारी हो गया है। जियो सिनेमा के इंस्टाग्राम पेज से बिग बॉस 18 का प्रोमो जारी किया गया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'स्ट्रेंथ और मजबूत इच्छा शक्ति के साथ इन्होंने जो लिखी अपनी जर्नी, वीकएंड के वार पर शेर खान हिना सुनाएंगी अपनी कहानी'। वीडियो में देखा जा सकता है कि सलमान खान अभिनेत्री का जोरदार स्वागत खूबसूरत जर्नी से जो चीज अपने साथ लेकर गई हूं वो है ताकत। बहुत खूबसूरत टैग मिला था, मुझे इस शो में। पूरी दुनिया मुझे शेर खान के नाम से जानती है'। इस पर सलमान खान कहते हैं, 'आप हमेशा एक फाइटर रही हो। और हर चैलेंज से लड़ रही हो इस वक्त'। अपनी यात्रा पर बात करते हुए हिना खान काफी भावुक भी हुईं।हिना खान को शो में देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं। कल शुक्रवार 22 नवंबर को हिना खान ने वीकएंड का वार एपिसोड की शूटिंग की। इस दौरान पैपराजी ने उनसे उनकी सेहत का हाल पूछा। इस पर अभिनेत्री ने कहा, 'बस चल रहा है, आप लोग अपनी दुआओं में रखिएगा'। हिना खान ने टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में अक्षरा की भूमिका से घर-घर में पहचान बनाई।

## शादी की तैयारियों में हैं विजय-तमन्ना जानें क्या-क्या चल रही हैं अटकलें

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड कपल तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा अपने रिश्ते को लेकर हमेशा मुखर रहे हैं। इन दिनों कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये तहत दोनों जल्द ही शादी रचा सकते हैं। अभिनेता तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली जोड़ियों में से एक बन गए हैं। हाल ही में आई भी शुरू कर चुके हैं। हालांकि, अभी तक कपल के तरफ से इस तरह की कोई भी बात सार्वजनिक रूप से नहीं की गई है, लेकिन ये चर्चा है कि दोनों अपने रिश्ते को से इसकी आधिकारिक घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। बताते चलें कि इस कपल ने साल 2023 में लस्ट स्टोरीज 2 की रिलीज के आसपास अपने रिश्ते की पुष्टि की, जो उनका





कहा जा रहा है कि ये कपल अगले साल विवाह के बंधन में बंधने की तैयारी कर रहा है। तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा बॉलीवुड के चर्चित कपल हैं, जो अक्सर अपने रिश्ते को लेकर बेहद मुखर रहते हैं। दोनों को उनके फैंस काफी ज्यादा पसंद भी करते हैं। इन दिनों दोनों के रिश्ते को लेकर एक बार फिर से काफी ज्यादा चर्चा हो रही है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों जल्द ही अपने रिश्ते को एक अलग मुकाम पर ले जाने वाले हैं, जिसके रिपोर्ट्स के अनुसार, वे जल्द ही शादी करके अपने रिश्ते को अगले स्तर पर ले जाने वाले हैं। बीते दिनों कई मीडिया रिपोर्ट्स में ये बताया गया कि कथित तौर पर यह जोड़ा अपने लिए नए घर की तलाश भी कर रहा है, क्योंकि वे अपने जीवन के रोमांचक नए अध्याय की तैयारी कर रहे हैं। कई रिपोर्ट्स में बताया गया है कि इस कपल ने आने वाले साल में शादी करने का फैसला किया है, जिसके लिए दोनों तैयारियां अगले पड़ाव तक ले जाने के काफी गंभीर हैं। 123 तेलुगु की एक रिपोर्ट के अनुसार, तमन्ना और विजय वर्मा कथित तौर पर 2025 में शादी करने की योजना बना रहे हैं। कहा जा रहा है कि यह कपल अपनी शादी के बाद रहने के लिए एक आलीशान अपार्टमेंट की तलाश कर रहा है। हालांकि, उनकी ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन इस खबर ने फैंस और इंडस्ट्री में उत्साह भर दिया है। फैंस अब इन दोनों साथ में पहला काम था। हाल ही में, शुभंकर मिश्रा के साथ भी अभिनेता ने तमन्ना के साथ अपने बंधन के बारे में खुलकर बात की थी। उन्होंने बताया था कि वो अपने रिश्ते को गुप्त रखने में विश्वास नहीं रखते। हालांकि, फिर भी वो कुछ निजी पलों को निजी रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा था कि उनके पास दोनों की पांच हजार से भी ज्यादा तस्वीरें हैं, लेकिन वो उन्हें सोशल मीडिया पर साझा नहीं करना चाहते, केवल दोनों के बीच ही संजो कर रखना चाहते हैं।

## इंस्टाग्राम पर 56 लाख फॉलोअर्स, लेकिन वोट मिले सिर्फ 155; वर्सोवा सीट से हारे यह अभिनेता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अभिनेता एजाज खान ने वर्सोवा सीट से महाराष्ट्र उम्मीदों पर पानी फिर गया है।पूर्व बिग बॉस प्रतियोगी और अभिनेता एजाज खान ने वर्सोवा सीट से नामांकन किया था। हालांकि, मतगणना के दौरान अब तक एजाज महज 155 वोट ही हासिल कर



विधानसभा चुनाव लड़ा। 5.6 मिलियन फॉलोअर्स वाले इस अभिनेता के लिए बड़ी संख्या में वोट आने की उम्मीद थी। हालांकि, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ा। उन्होंने नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद की पार्टी आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के टिकट पर पाए हैं। वहीं, नोटा को तकरीबन 1298 वोट मिल चुके हैं। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ बीजेपी नीत गठबंधन महायुति लीड लेती नजर आ रही है। रुझानों में पार्टी ने गठबंधन का आंकड़ा भी पार कर लिया है। इस बीच महाराष्ट्र की एक सीट पर चर्चा जोरों पर है। यह सीट कोई और नहीं बल्कि वर्सोवा है। खुद को मुंबई का भाईजान बताने वाले एजाज वोट हासिल करने में पूरी तरह असफल नजर आए हैं। वहीं, दसवें राउंड के बाद हारूण 32,499 वोट पाकर भाजपा की भारती से 6,856 वोटों से आगे चल रहे हैं। भारती को 25,643 वोट हासिल हुए हैं।5.6 मिलियन से अधिक सोशल मीडिया फॉलोअर्स वाले अभिनेता एजाज खान चुनाव में बुरी तरह हारते नजर आ रहे हैं। जानकारी हो कि इस सीट से कुल 16 उम्मीदवार मैदान में हैं। सीट को परंपरागत रूप से कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। यहां से अभिनेता ने आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के टिकट पर वोट लड़ा और बुरी तरह पस्त हुए हैं। गुजरात के अहमदाबाद में जन्मे एजाज खान को 'दीया और बाती हम' के साथ-साथ 'करम अपना अपना' जैसे लोकप्रिय शो में देखा जा चुका है। वह 'रक्त चरित्र' और 'अल्लाह के बंदे' जैसी फिल्मों का भी हिस्सा रहे हैं। वहीं, एजाज की बात करें तो उनका विवादों से भी गहरा नाता रहा है। एजाज खान ड्रग्स रखने के आरोप में जेल जा चुके हैं। 'बिग बॉस 7' में हिस्सा ले चुके एजाज खान शो में रहते हुए भी विवादों से चर्चा में रहते थे।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।